हमारे सैनिक हमारा गौरव

कर्नल अरुण कुमार

देवरिया ।। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विद्यालय सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया खास देवरिया में कल दिनांक 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस का कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल अरुण कुमार रहे

कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के साथ हुआ तत्पश्चात प्रांत द्वारा भेजे गए वीडियो क्लिप को विद्यालय के माधव सभागार में प्रोजेक्टर पर दिखाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह ने इस अवसर पर अतिथि परिचय एवम अपने ओजस्वी वाणी में कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए भारतीय सेना के बारें में छात्रों को बताया ।तदोपरांत रिटायर्ड कर्नल अरुण कुमार ने छात्रों को संबोधित किया । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक हमारे गौरव हैं। भारतीय सेना के अदम्य साहस का लोहा पूरी दुनिया मानती है। असंभव को संभव एवम हार को जीत में बदलने का साहस एवम गुण केवल और केवल हमारी भारतीय सेना में है, कारगिल युद्ध के दौरान पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का साहस देखा कि कैसे 18000फीट की ऊंचाई पर बैठे अपने दुश्मनों को धूल चटाने और उन्हे जहनूम पहुंचा ने का कार्य किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंध समिति में प्रबंधक श्री मुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि हम सभी को भी अपनी भारतीय सेना का सम्मान करना एवम कठिन परिस्थिति में अपने देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने हेतु सदैव तत्पर रहना चाहिए। हम सब जहां कही भी रहे किसी भी भी पद पर रहे किन्तु अपना देश प्रेम और उसको प्रति कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए। यह राष्ट्र हमारा है और हम राष्ट्र के है यही भावना मन में होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्री अशोक यादव ने किया। इस अवसर पर आचार्य जगदीश प्रसाद, हरिनाथ त्रिपाठी, चन्द्र प्रकाश सिंह सहित समस्त आचार्य एवं छात्र भैया उपस्थित रहे।